<u>**मंत्रालय द्वारा जनवरी 2024 के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्यकलाप किए गए:**</u>

1. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024

भारत की माननीया राष्ट्रपति, महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 22.01.2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में 18 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 19 असाधारण बच्चों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित "प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार" (पीएमआरबीपी) से सम्मानित किया।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 23 जनवरी, 2024 को पीएमआरबीपी पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत भी की।

2. विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में भारत द्वारा "वैश्विक कल्याण के लिए गठबंधन- लैंगिक समता और समानता" का शुभारंभ

स्विट्जरलैंड के दावोस में 15 से 19 जनवरी, 2024 तक आयोजित विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में भारत ने वर्ष के लिए व्यापक डब्ल्यूईएफ थीम 'विश्वास का पुनर्निर्माण' के अनुरूप वैश्विक सहयोग द्वारा चिन्हित एक साझा भविष्य को आकार देने के लिए तत्पर, "वसुधैव कुटुंबकम" की भावना से भाग लिया।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व माननीया महिला एवं बाल विकास मंत्री के साथ-साथ माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, माननीय रेलवे, संचार, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री और भारत सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया।

इस फोरम की बैठक की एक प्रमुख बात डब्ल्यूईएफ और भारत सरकार के सहयोग और समर्थन के साथ "वैश्विक कल्याण-लैंगिक समता और समानता" के लिए गठबंधन की शुरुआत की घोषणा थी।

3. विकसित भारत संकल्प यात्रा-

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय **"मेरी कहानी मेरी जुबानी** (एमकेएमजेड)" पहल के तहत पूरे देश में चल रही **विकसित भारत संकल्प यात्रा** (वीबीएसवाई) में सक्रिय रूप से शामिल है, जिसमें लाभार्थी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पोषण अभियान और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) स्कीमों और इनसे उनके जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में अपने अनुभव साझा करते हैं।

वीबीएसवाई डैशबोर्ड के अनुसार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के 4.66 लाख से अधिक लाभार्थियों (पोषण अभियान से 2.21 लाख और पीएमएमवीवाई से 2.45 लाख) ने अपने अनुभव व्यक्त किए हैं। इसके अलावा, स्कीमों की संपूर्णता के लिए यात्रा के दौरान पात्र लाभार्थियों का "तत्काल पंजीकरण" भी किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की विभिन्न स्कीमों के तहत अब तक 2.29 लाख तत्काल पंजीकरण किए जाने की सूचना दी गई है। स्वस्थ बालक स्पर्धा (एसबीएस) भी आयोजित की जा रही है जिसके तहत अब तक 2.57 लाख से अधिक स्वस्थ बच्चों को सम्मानित किया जा चुका है।

4. **पीएम जनमन-**

पीएम जनमन के तहत पीवीटीजी बस्तियों के लिए वित्त वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में कुल 2500 आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत और निर्माण करने का प्रस्ताव है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जनवरी में 916 आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए।

5. **राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह**

लिंग विभाजन को पाटने और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जोर देने के उद्देश्य से बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय ने 24 जनवरी, 2024 को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया।

6. **"सक्षम नारी सशक्त भारत - विकसित भारत के लिए कार्यबल में महिलाएं" कार्यक्रम**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने संयुक्त रूप से 30 जनवरी 2024 को भारत मंडपम में "सक्षम नारी सशक्त भारत - विकसित भारत के लिए कार्यबल में महिलाएं" नामक कार्यक्रम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीया महिला एवं बाल विकास मंत्री और माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ने की।

इस कार्यक्रम के दौरान मंत्रालय द्वारा शिशुगृहों (संचालन और प्रबंधन) के लिए राष्ट्रीय न्यूनतम मानक और प्रोटोकॉल जारी किए गए। इन मानकों और प्रोटोकॉल्स में देखभाल अर्थव्यवस्था को मानकीकृत और संस्थागत बनाने पर दृढ़तापूर्वक विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे 'महिला-प्रेरित विकास' के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है।

इस कार्यक्रम में मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग संगठनों और यूएन संगठनों के नेटवर्क के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

7. **स्वायत्त निकायों को बंद करना**

खाद्य एवं पोषण बोर्ड (एफएनबी), राष्ट्रीय महिला कोष (आरएमके) और केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड (सीएसडब्ल्यूबी) को तर्कसंगत बनाने और बंद करने के मंत्रिमंडल के दिनांक 06.04.2023 के निर्णय के आलोक में, सभी कार्रवाई पूरी हो चुकी है और दिनांक 02.02.2024 के अ.शा. पत्र के माध्यम से विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट पहले ही भेजी जा चुकी है।

*****